मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-अप्रैल, 2006 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 6 मार्च, 2006 (फाल्गुन 15, 1927)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री कैलाश विजयवर्गीय, ऊर्जा मंत्री, विद्युत अधिनियम, 2003 (क्रमांक 36 सन् 2003) की धारा 182 की अपेक्षानुसार ऊर्जा विभाग की निम्नलिखित अधिसूचनायें पटल पर रखेंगे :-

(1) अधिसूचना क्रमांक 37-म.प्र.वि.नि.आ.- 2006, दिनांक 4 जनवरी, 2006,
(2) अधिसूचना क्रमांक 251/म.प्र.वि.नि.आ./ 2006, दिनांक 24 जनवरी, 2006,
(3) अधिसूचना क्रमांक 252-म.प्र.वि.नि.आ.- 2006, दिनांक 24 जनवरी, 2006,
(4) अधिसूचना क्रमांक 260-म.प्र.वि.नि.आ.- 2006, दिनांक 25 जनवरी, 2006; तथा
(5) अधिसूचना क्रमांक 283/म.प्र.वि.नि.आ./ 2006, दिनांक 27 जनवरी, 2006.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री सत्यदेव कटारे, सदस्य, भिण्ड जिले के अटेर क्षेत्र में नियमित रूप से विद्युत प्रदाय न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) पं. हरिचरण तिवारी, सदस्य, राजगढ़ जिले में कृषकों को फसल बीमा की राशि न मिलने की ओर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. वर्ष 2005-2006 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

श्री राघवजी, वित्त मंत्री, वर्ष 2005-2006 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

5. लोक लेखा, प्राक्कलन तथा सरकारी उपक्रमों संबंधी समितियों के लिए सदस्यों का निर्वाचन

श्री राघवजी, वित्त मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

" सभा के सदस्यगण, मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम 221 के उपनियम (3), नियम 223 के उपनियम (1) तथा नियम 223-क के उपनियम (1) द्वारा अपेक्षित रीति से वित्तीय वर्ष 2006-2007 के लिए क्रमशः लोक लेखा, प्राक्कलन तथा सरकारी उपक्रमों संबंधी समितियों के सदस्य होने के लिए अपने में से 11-11 सदस्यों के निर्वाचन के लिए अग्रसर हों.".

6. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के लिए सदस्यों का निर्वाचन

कुंवर विजय शाह, आदिम जाति कल्याण मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

" सभा के सदस्यगण, मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम 234-क के उपनियम (1) द्वारा अपेक्षित रीति से वर्ष 2006-2007 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य होने के लिए अपने में से 15 सदस्यों के निर्वाचन के लिए (जिनमें क्रमशः चार-चार सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा शासन द्वारा अधिसूचित पिछड़े वर्ग के होंगे) अग्रसर हों.".

निर्धारित समय		**7. वर्ष 2006-2007 की अनुदानों की मांगों पर मतदान.......(क्रमशः)**	
2 घन्टे	(1)	मांग संख्या -7	वाणिज्यिक कर
		मांग संख्या - 11	वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार
		मांग संख्या - 72	भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास.
2 घन्टे	(2)	मांग संख्या - 21	आवास एवं पर्यावरण
		मांग संख्या - 22	नगरीय प्रशासन एवं विकास-नगरीय निकाय
		मांग संख्या - 53	अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजनांतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या - 68	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के अंतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या - 81	नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता.
2 घन्टे	(3)	मांग संख्या - 23	जल संसाधन
		मांग संख्या - 40	जल संसाधन विभाग से संबंधित व्यय-आयाकट
		मांग संख्या - 45	लघु सिंचाई निर्माण कार्य
		मांग संख्या - 57	जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
		मांग संख्या - 75	जल संसाधन विभाग से संबंधित नाबार्ड से सहायता प्राप्त परियोजनाएं.

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांकः 5 मार्च, 2006